झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010.

e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

विज्ञापन संख्या–02/2023 एवं 03/2023

स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा–2023

आवश्यक सूचना–10

दिनांक–20.12.2023

स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के अन्तर्गत आवश्यक सूचना संख्या– 07 दिनांक 28.11.2023 के माध्यम से अंतिम उत्तर कुंजी एवं आवश्यक सूचना संख्या–08 दिनांक 05.12.2023 के माध्यम से अभ्यर्थियों की Response Sheet प्रकाशित की गई है।

2. उपर्यक्त के क्रम में अंतिम उत्तर कुँजी एवं अभ्यर्थी के Response Sheet में भिन्नता होने संबंधी अभ्यर्थियों से प्राप्त कतिपय आवेदनों के आलोक में सूचित करना है कि औपबंधिक उत्तर कुँजी के विरूद्ध Master Question Paper पर आपत्तियाँ प्राप्त की गई थी तथा विशेषज्ञ समिति से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में Master Question Paper के सापेक्ष ही अंतिम उत्तर कुँजी प्रकाशित की गई है। उल्लेखनीय है कि कदाचार मुक्त परीक्षा के आयोजन हेतु सुरक्षा के दृष्टिकोण से परीक्षा अन्तर्गत प्रत्येक पाली में अभ्यर्थियों के प्रश्न पत्र में Master Questions के Jumbling के साथ–साथ उनके उत्तर विकल्पों में भी Jumbling की गई थी जिसके फलस्वरूप विशेषज्ञ समिति द्वारा अनुशंसित अंतिम उत्तर भिन्न–भिन्न अभ्यर्थी के Response Sheet के अन्तर्गत अलग–अलग विकल्प संख्या (A/ B/ C/ D) में प्रदर्शित हो रहा है।

3. अतः उपर्युक्त उल्लेखित संशय को स्पष्ट करने हेतु विषय एवं परीक्षा कोडवार पूछे गये Master Questions, उनके उत्तर विकल्पों का क्रम एवं उनका सही उत्तर निम्न लिंक के माध्यम से डाउनलोड की जा सकती हैः–

https://jssc.onlinereg.in/rubymasterqp/Final.html

4. अभ्यर्थियो से प्राप्त अन्य आपत्तियों यथा प्रश्नों का दोहराव, अंतिम उत्तर कुँजी पर आपत्ति आदि के आलोक में विशेषज्ञ समिति के मंतव्य के अनुसार निराकरण सूचना यथाशीध्र आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित की जायेगी।

ह०/–
परीक्षा नियंत्रक।